# कार्यालय जिलाधिक[illegible]पुर खीरी।

## दिनांक 07.02.2024 को जिलाधिकारी [illegible]ला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की अध्यक्षता में जनपद के समस्त ग्राम स्तर /ग्रामपंचायत स्तरीय आई0ई0सी0 गतिविधियों के संचालन कराये जाने हेतु सम्पन्न हुई

## बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आज दिनांक 07.02.2024 को अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (SWSM) नमामिगंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन के आदेश संख्या 3669/W-314/JJM/Agency Empanelment/ 2022-23 दिनांक 30.11.2023 (छायाप्रति संलग्न) के क्रम में जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक की गयी। राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (SWSM) द्वारा इम्पैनल्ड/सूचीबद्ध कुल 13 नग आई0ई0सी0 एजेन्सियों को कार्यालय के पत्र संख्या 211/WS-36/04 दिनांक 30.01.2024 तथा दूरभाष द्वारा बैठक में प्रतिभाग करने हेतु सूचित किया गया था जिसके उपरान्त निम्न 8 नग एजेंसियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1- M/s Amber Press Private Limited , Lucknow – 226018
2- M/s Action for Rural development , Greater Nodia – 201310.
3- M/s Appinventive Technologies Private Limited , Nodia – 201301.
4- M/s Swajan Foundation , Lucknow , 226016.
5- M/s Janki Prasad Memorial Research And Educational Trust , Mharajganj - 273303
6- M/s Welfare & Illustration of Needy Gramin society (WINGS) , Lucknow
7- M/s Falcon , Mumbai .
8- M/s Sangyan , Lucknow – 226016

राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (SWSM) के पत्र में उल्लिखित है कि जल जीवन मिशन " हर घर जल योजना के अन्तर्गत राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा चयनित एजेंसियों को पूर्व में आवंटित जनपद में सम्पादित विभिन्न आई0ई0सी0/एच0आर0डी0 गतिविधियों का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन कर राजस्व ग्राम स्तर पर कार्यशाला आयोजित करने जिसमें FHTC, शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल तथा जल जनित बीमारियों से बचाव हेतु ग्राम पंचायतों का उत्तरदायित्व, संचालन एवं रख – रखाव सम्बन्धित जन – जागरूकता का हेतु कार्यशाला का आयोजन किया जाना है। आई0ई0सी0 द्वारा संचालित योजनाओं की उपलब्धियों एवं ग्रामीणों के जीवन में आ रहे बदलाओं से जन– समुदाय में समाचार पत्रों, मीडिया चैनलों, स्कूली बच्चों की रैली, जन–जागरूकता कार्यशालाओं, टिव्टर हैंडल, फेसबुक इंस्टाग्राम इत्यादि के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (SWSM) के साथ–साथ जनपद स्तर से भी प्रचार–प्रसार कराया जा रहा है। उक्त सभी कार्यो को और अधिक गति प्रदान किये जाने हेतु प्रत्येक जनपद को प्रति राजस्व ग्राम रू0 10158.00 (रू0 दस हजार एक सौ अट्ठावन मात्र) की दर से जनपद लखीमपुर खीरी के 15 विकास खण्डों में में स्थित 1709 राजस्व ग्रामों के लिए रू0 1,73,60,022.00 की धनराशि निम्न शर्तो के अधीन प्रस्तावित की जा रही है:–

1. जनपद में प्रचार–प्रसार सम्बन्धी कार्य राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन में सूचीबद्ध आई0ई0सी0 संस्थाओं द्वारा कराया जायेगा।
2. जनपद में कराये जाने वाले कार्यों में दुरावृत्ति को रोकने हेतु यह सुनिश्चित किया जायेगा कि प्रस्तावित किये जाने वाले कार्य मुख्यालय स्तर पर/अन्य किसी विभागीय योजनाओं के माध्यम से न कराये गये हों।
3. कार्यों के सम्पादन में सभी सुसंगत शासनादेशों/विभागीय आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
4. सम्बन्धित जनपद के अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) द्वारा राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा सूचीबद्ध संस्थाओं से पूर्व में कराये गये कार्यों का सम्पूर्ण विवरण जिलाधिकारी कार्यालय का उपलब्ध कराया जायेगा। तदोपरान्त ही संलग्न संलग्न सूची में दिये गये राजस्व ग्रामों हेतु कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तावित कार्यो की स्वीकृति अध्यक्ष, जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से प्राप्त करने हेतु गतिविधियां क्रियान्वित करायी जायेगी।

5. जनपद हेतु प्रस्तावित धनराशि का समुचित व्यय उपरान्त चार्टर्ड एकाउन्टेन्ट से आडिट कराते हुए उपयोगिता प्रमाण–पत्र राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन को सक्षम स्तर द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा।

जनपद स्तर से आई0ई0सी0 की गतिविधियों हेतु आवश्यक धनराशि जिलाधिकारी के लेखे में हस्तान्तरित की जायेगी। अतएव धनराशि प्रेषित किये जाने हेतु खाता विवरण मिशन कार्यालय को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त आई0ई0सी0 गतिविधियों को सम्पन्न कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति, की बैठक में उपस्थित आई0ई0सी0 एजेन्सियों के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों / प्रजेन्टेशन को गहनता से विचार–विमर्श किया गया जिसका विवरण निम्नवत है:–

**1- M/s Amber Press Private Limited , Lucknow – 226018**

एजेन्सी के सहायक प्रबन्धक श्री चन्द्रहास गुप्ता (राजीव) के द्वारा बताया गया कि जनपद मिर्जापुर व महोबा में आई0ई0सी0 गतिविधियों का कार्य किया गया है, वर्तमान में किसी भी जनपद में यह कार्य अभी आवंटित नहीं है। वाल पेटिंग, नुक्कड़ नाटक, सार्वजनिक स्थानों पर आयोजित करके जनता को पेयजल की महत्ता व संरक्षण के लिए और भी जागरूक करने का कार्य सम्पन्न कराया जायेगा। संस्था के पास मानव संसाधन तथा आधारभूत संरचना पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

**2- M/s Action for Rural development , Greater Nodia – 201310.**

एजेन्सी के जिला समन्वयक श्री जाकिर अली द्वारा बताया गया कि संस्था के पास पर्याप्त मात्रा में संसाधन उपलब्ध हैं, ग्राम स्तर पर बैठक करके सक्रिय ग्रामवासियों को टी शर्ट, पम्पलेट, आदि के माध्यम से जनजागरूकता का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

**3- M/s Appinventive Technologies Private Limited , Nodia – 201301.**

एजेन्सी के प्रतिनिधि के रूप में श्री अंकित पांचाल उपस्थित हुए उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान में यह कार्य जनपद हरदोई में किया जा रहा है इसके अतिरिक्त जनपद लखीमपुर में भी आई0ई0सी0 का कार्य पूर्व आवंटन के क्रम में वाल पेटिंग, होर्डिंग का कार्य किया जा रहा है। इनके द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से अपने किये गये कार्यों को प्रस्तुत किया गया। इनके द्वारा बताया गया कि अन्य जनपद में किये जा रहे कार्य के अतिरिक्त इस जनपद के लिए पर्याप्त मात्रा में मानव संसाधन तथा आधारभूत संरचना उपलब्ध है जिससे सौपें गये कार्य को समय सीमा के अन्तर्गत गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करा लिया जायेगा।

**4- M/s Swajan Foundation , Lucknow , 226016.**

एजेन्सी के जिला समन्वयक श्री उमेश तिवारी के द्वारा बताया गया कि इनके द्वारा जनपद श्रावस्ती में आई0ई0सी0 गतिविधियों का कार्य कराया गया है। ग्राम में बैठक कर लोंगों को पेयजल के संरक्षण तथा उसकी महत्ता को बताकर उनकी सक्रिय सहभागिता प्राप्त करने में विशेष बल दिया जायेगा जिससे जल जीवन मिशन के आधारभूत संरचनाओं का संरक्षण हो सकेगा। मानव संसाधन पर्याप्त मात्रा मे उपलब्ध है।

**5- M/s Janki Prasad Memorial Research And Educational Trust , Mharajganj –**

एजेन्सी के राज्य समन्वयक श्री शिवम मिश्रा तथा वैभव श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि आई0ई0सी0 की गतिविधियों का कार्य जनपद शाहजहॉपुर, कानपुर देहात, फिरोजाबाद तथा औरैया में किया गया है। इस कार्य को सम्पन्न कराने के लिए 200–250 फील्ड वर्कर तथा अनुभवी पर्यवेक्षक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। ग्रामवासियों में बैठक करके जलजीवन मिशन के कार्यों में स्वयं की सहभागिता तथा निजी सम्पत्ति की भावना को जागृत करके उसकी सुरक्षा और योगदान प्राप्त करने का कार्य करायेंगे।

**6- M/s Welfare & IIIustration of Needy Gramin society (WINGS) , Lucknow**

एजेन्सी के जिला समन्वक नूर आलम के द्वारा बताया गया कि उनके द्वारा जनपद प्रतापगढ़ में आई0ई0सी0 गतिविधियों का कार्य किया गया है। ग्राम सभाओं में बैठक करके तथा पम्पलेट, बैनर आदि वितरित करके जन मानस को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जागृत करने का कार्य कुशलता पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए पर्याप्त मात्रा में संसाधन उपलब्ध है।

**7- M/s Falcon , Mumbai .**

एजेन्सी के जिला समन्वक श्री सतीश चन्द्र पाण्डेय द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद लखीमपुर में कार्य किया गया है तथा वर्तमान में जनपद मुरादाबाद एवं बिजनौर में आई0ई0सी0 गतिविधियों का कार्य चल रहा है। संस्था के पास प्रशिक्षित तथा अनुभवी मानव संसाधन तथा पर्याप्त मात्रा में आधारभूत सामग्री मौजूद है जिससे सौपे गये कार्य को कुशलता पूर्वक सम्पन्न कर लिया जायेगा।

**8- M/s Sangyan , Lucknow – 226016**

एजेन्सी के जिला समन्वक श्री विशाल मिश्रा द्वारा बताया गया कि पूर्व में जनपद मऊ, बलरामपुर में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत लोगों को जागरूक करने का कार्य किया गया है। उनके द्वारा बताया गया कि 25 अनुभवी व्यक्तियों तथा वाहन आदि मौजूद हैं। ग्रामवासियों की बैठक कर इस कार्य को सम्पन्न करा लिया जायेगा।

आज दिनांक 07.02.2024 को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक में उपस्थित सभी उपरोक्त 8 नग एजेंसियों के द्वारा अभिलेखों तथा मौखिक रूप से अपनी कार्ययोजना प्रस्तुत किया गया, जिसमें M/s Action for Rural development , Greater Nodia, M/s Welfare & Illustration of Needy Gramin society (WINGS) , Lucknow, M/s Sangyan , Lucknow (3 नग) के प्रतिनिधियों द्वारा कोई ठोस कार्ययोजना व साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। समस्त एजेसिंयों द्वारा प्रस्तुत अभिलेखों परीक्षण किया गया तथा उनकी कार्य योजना पर समिति के सदस्यों द्वारा गहन विचार विमर्श किया गया। तदोपरान्त सर्व सम्मति से यह निर्णय लिया गया कि जनपद लखीमपुर के लिए तुलनात्मक दृष्टिकोण गुण दोष के आधार पर राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (SWSM) के दिशा–निर्देश व उनके शर्तों के अधीन जनपद लखीमपुर के 15 विकास खण्डों में स्थित 1709 राजस्व ग्रामों के लिए निम्न संस्थायें चयनित की जाती है।

1- M/s Amber Press Private Limited , Lucknow – 226018

2- M/s Appinventive Technologies Private Limited , Nodia – 201301.

3- M/s Swajan Foundation , Lucknow , 226016.

4- M/s Janki Prasad Memorial Research And Educational Trust , Mharajganj - 273303

5- M/s Falcon , Mumbai .

अन्त में जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि चयनित संस्थाओं से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, (SWSM) के दिशा–निर्देश व उनके शर्तो के अनुरूप गुणवत्ता पूर्वक समय सीमा के अन्तर्गत सम्पन्न कराने के लिए शपथ पत्र भी प्राप्त कर लिया जाय। तत्पश्चात सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

अधिशासी अभियन्ता<br>जल निगम<br>सदस्य सचिव

सहायक अभियन्ता<br>लघुसिंचाई

जिला पंचायत<br>राज अधिकारी,<br>लखीमपुर खीरी।

जिला थारू जनजाति के<br>विकास कार्यो के<br>परियोजना अधिकारी

अधिशासी अभियन्ता,<br>नलकूप खण्ड<br>लखीमपुर खीरी।

जिला सूचना<br>अधिकारी,<br>लखीमपुर<br>खीरी।

मुख्य<br>चिकित्साधिकारी<br>लखीमपुर खीरी।

अधिशासी<br>अभियन्ता, सिंचाई<br>खण्ड प्रथम<br>लखीमपुर खीरी।

प्रभागीय<br>वनाधिकारी<br>लखीमपुर खीरी।

07.02.24

जिला विकास<br>अधिकारी, लखीमपुर<br>खीरी।<br>जिला विकास अधिकारी<br>लखीमपुर–खीरी

मुख्य विकास अधिकारी<br>लखीमपुर खीरी।<br>उपाध्यक्ष

**जिलाधिकारी**<br>लखीमपुर खीरी।<br>अध्यक्ष